## Code No. 3101

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9/Annual Exam.-2025**

**Roll No.** ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

# हिन्दी

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

### खण्ड – क

**1.** व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(क) 'चरण-कमल बन्दौ हरि राई' में ............ अलंकार है।

(i) श्लेष (ii) उपमा

(iii) अनुप्रास (iv) रूपक

(ख) 'बहाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है ?

(i) बह (ii) हाव

(iii) आव (iv) व

(ग) निम्नलिखित में से तद्भव शब्द छाँटकर लिखिए :

(i) काठ (ii) दंत

(iii) भिक्षा (iv) अक्षर

(घ) 'सारंग' शब्द का पर्यायवाची शब्द है :

(i) सारथी (ii) मोर

(iii) खरगोश (iv) दर्प

(ङ) 'मौन' शब्द का विलोम शब्द बताइए :

(i) चुप (ii) मुखर

(iii) मौखिक (iv) मयंक

(च) दो या दो से अधिक शब्दों के सार्थक समूह को ............ कहते हैं।

(i) वर्ण (ii) अर्थ

(iii) शब्द (iv) वाक्य

(छ) निम्न में से किस शब्द में द्वित्व व्यंजन है ?

(i) उत्साह (ii) उल्लास

(iii) उत्खनन (iv) क्षितिज

2. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : 2 × 4 = 8

(क) विकारी और अविकारी शब्द में अंतर बताइए।

(ख) बहुव्रीहि समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :

(i) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

(ii) पानी-पानी होना

(घ) भाषा किसे कहते हैं ?

3. निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) कम्प्यूटर वर्तमान युग की आवश्यकता

(ख) जन-जन की भाषा हिन्दी

(ग) समाचार-पत्रों का महत्त्व

(घ) जलवायु परिवर्तन का पर्यावरण पर प्रभाव

(ङ) आधुनिक समाज में तनाव के कारण और प्रभाव

(च) मेरा प्यारा भारतवर्ष

4. चरित्र प्रमाण-पत्र लेने हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

प्रातःकालीन भ्रमण का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

5. क्षितिज भाग-1 (काव्य-खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(क) किसी भी व्यक्ति की पहचान किससे होती है ?

(i) कर्म (ii) कुल

(iii) वस्त्र (iv) जीवन शैली

(ख) 'घर जाने की चाह है घेरे' – पंक्ति में ललद्यद किसके घर जाने की कामना करती है ?

(i) पति के
(ii) पिता के
(iii) परमात्मा के
(iv) संत के

(ग) गोपी सिर पर क्या धारण करना चाहती है ?

(i) पगड़ी
(ii) मोर पंख
(iii) टोपी
(iv) चुनरी

(घ) कवि पेट पर जुआ लगाकर क्या खींचता है ?

(i) मोट
(ii) कोल्हू
(iii) चर्रक चूँ
(iv) लोह-शृंखला

(ङ) 'ग्राम श्री' कविता में कौन रोमांचित-सा लगता है ?

(i) आकाश
(ii) मगरौठी
(iii) वसुधा
(iv) झरबेरी

(च) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' – कविता के कवि कौन हैं ?

(i) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(ii) राजेश जोशी
(iii) सुमित्रानंदन पंत
(iv) माखनलाल चतुर्वेदी

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

क्षितिज-अटारी गहराई दामिनी दमकी,
'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की',
बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

(क) प्रस्तुत काव्याँश के कवि कौन हैं ?

(ख) बादल कहाँ तक फैल गए हैं ?

(ग) क्षमा माँगने पर किसके सब्र का बाँध टूट जाता है ?

(घ) 'दामिनी' शब्द का क्या अर्थ है ? बादलों में चमकने वाली बिजली

(ङ) क्या भ्रम था, जो अब दूर हो गया है ?

**7.** मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता फिरता है ? देवालय 3

**अथवा**

हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य लिखिए : 3

तिनकों के हरे हरे तन पर
    हिल हरित रुधिर है रहा झलक,
श्यामल भू तल पर झुका हुआ
    नभ का चिर निर्मल नील फलक।

**9.** रसखान का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण हैं ? 3

**खण्ड – ग**

**10.** क्षितिज भाग-1 (गद्य-खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(क) लेखक के अनुसार गधे में किनके गुण पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं ?

(i) जानवर के (ii) नेताओं के

(iii) ऋषि-मुनियों के (iv) व्यापारियों के

(ख) किस भिक्षु से विदाई लेकर लेखक चल पड़ा ?

(i) नम्से (ii) मंगोल

(iii) सुमति (iv) दोन्क्विस्तो

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति के कारण हम कैसी दासता स्वीकार कर रहे हैं ?

(i) विदेशी (ii) आर्थिक

(iii) बौद्धिक (iv) सांस्कृतिक

(घ) साइलेंट वैली कहाँ स्थित है ?

(i) हरियाणा (ii) कर्नाटक

(iii) गुजरात (iv) केरल

(ङ) प्रेमचंद के कौन-से पैर का जूता ठीक था ?

(i) दाएँ (ii) बाएँ

(iii) उपर्युक्त दोनों (iv) दोनों खराब

(च) सुभद्रा के छात्रावास छोड़कर जाने के बाद लेखिका के कमरे में कौन आकर रही ?

(i) मोहसिना (ii) जेबुन्निसा

(iii) बेगम साहिबा (iv) सुहाना बेगम

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

तुम समझौता कर नहीं सके। क्या तुम्हारी भी वही कमजोरी थी, जो होरी को ले डूबी, वही 'नेम-धरम' वाली कमजोरी ? 'नेम-धरम' उसकी भी जंजीर थी। मगर तुम जिस तरह मुस्करा रहे हो, उससे लगता है कि शायद 'नेम-धरम' तुम्हारा बंधन नहीं था, तुम्हारी मुक्ति थी।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(ख) लेखक ने यहाँ किस जंजीर का उल्लेख किया है ?

लेखक - श्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(ग) होरी को कौन-सी कमजोरी ले डूबी ?

(घ) यहाँ कौन समझौता नहीं कर सका ?

(ङ) होरी प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है ?

**12.** प्रेमचंद *अथवा* श्यामचरण दुबे का जीवन परिचय देते हुए, उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 5

2 + 2 = 4

13. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

(ख) 'साँवले सपनों की याद' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) महादेवी वर्मा ने अपनी माँ की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

**खण्ड – घ**

14. कृतिका (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का क्या उद्देश्य है ? 3

**अथवा**

शंकर की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ख) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों ? 2

(ग) लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं ? 2

**खण्ड – ङ**

15. 'आदर्श जीवन मूल्य माध्यमा' के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 4 = 8

(क) 'आर्जवम्' के रूप में गीता के कृष्ण वास्तव में क्या कहना चाहते हैं ?

(ख) श्रीमद्भगवद्गीता की महत्त्वपूर्ण विशेषता क्या है ?

(ग) दुर्योधन आचार्य द्रोण और भीष्म के पास क्यों गया ?

(घ) औरंगजेब की कैद से मुक्त होने के लिए शिवाजी ने क्या उपाय किया ?

(ङ) महात्मा बुद्ध की शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक कैसे हैं ?